तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 21 नवंबर 2025

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]

13 ब्लॉक कांग्रेस ने बीएलए के लिए ...



14 मार्डन स्कूल में हुई फैंसी ड्रेस और नृत्य प्रतियोगिता



## खबर संक्षेप

### बैंक एवं बीमा कंपनियों में लंबित राशि भुगतान के लिए आरबीआई का शिविर आज

**बलौदाबाजार।** जिले के विभिन्न बैंकों एवं बीमा कंपनियों में पिछले दस वर्ष से अधिक समय तक लेनदेन नहीं करने वाले ग्राहकों की राशि भारतीय रिजर्व बैंक में जमा है। इस राशि का भुगतान वास्तविक खाता धारकों या उनके वैध वारिसानों को करने भारतीय रिजर्व बैंक का 21 नवम्बर को प्रातः 11 बजे से जिला ऑडिटोरियम बलौदा बाजार में शिविर आयोजित है। शिविर में शामिल होकर लंबित राशि भुगतान का लाभ ले सकते हैं।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण में बीएलओ के साथ भाजपा कार्यकर्ता जुटे



**सिमगा।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा मतदाता सूची को पूर्ण रूप से शुद्ध बनाने विशेष गहन कुछ पुनरीक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया है। ग्रामीण अंचल के साथ ही नगरीय क्षेत्रों में बीएलओ की टीम घर घर जाकर फार्म वितरित कर रही है। साथ ही भाजपा कार्यकर्ता भी मतदाताओं से अपील कर गणना प्रपत्र को कैसे भरना है समझाईस भी दें रहे हैं। मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 4 नवंबर से प्रारंभ होकर 4 दिसंबर तक पूरे एक माह तक चलेगा, जहां गणना प्रपत्र ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से जमा करा सकते हैं। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं की टीम अलग-अलग बूथों पर जाकर मतदाता सूची शुद्ध बनाने के लिए सहयोग कर रही है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी, जोन प्रभारी धीरज जैन, शक्ति केन्द्र प्रभारी अभिजीत अवस्थी, बूथ लेवल एजेंट परस पाटकर, बूथ अध्यक्ष दिनेश निषाद, बूथ अधिकारी प्रतीश तंम्बोली, निरंजन वर्मा, विरेन्द्र माली, परवीन बानों उपस्थित थे।

# निर्वाचन कार्य में लापरवाही एवं अनुशासनहीनता पर कार्रवाई की

## विकासखंड के चार शिक्षकों को निलंबित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिमगा

स्कूली शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और शासकीय कार्यों में लापरवाही के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार द्वारा विकासखंड सिमगा के चार शिक्षकों पर निलंबन की गाज गिरी है। इन शिक्षकों को अलग-अलग मामलों में कदाचरण और शासकीय कार्य में घोर लापरवाही का दोषी पाया गया है।

मदिरा सेवन और अनुशासनहीनता 4 शिक्षकों द्वारा विद्यालय की गरिमा को धूमिल करने और छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के विपरीत कार्य करने के आरोप में निम्नलिखित शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से विजय कुमार ध्रुव सहायक शिक्षक एलबी शासकीय प्राथमिक शाला शंकर नगर सिमगा नरेंद्र कुमार ध्रुव प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला चोरहानवागांव उमेश कुमार वर्मा प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला मोटियारीडीह संदीप साहू, सहायक शिक्षक (एलबी), शासकीय प्राथमिक शाला, मोटियारीडीह उक्त शिक्षकों पर विद्यालयीन समय में मदिरा सेवन/अशोभनीय आचरण और पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने की शिकायतें प्राप्त हुई थीं। जिसके आधार पर यह अनुशासनात्मक कार्यवाही की गई है।




### अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना करने के कारण

निर्वाचन आयोग द्वारा महत्वपूर्ण कार्य मतदाता सूची पुनरीक्षण में लापरवाही बरतने पर मिथलेश कुमार वर्मा, सहायक शिक्षक एलबी, शासकीय प्राथमिक शाला, केसदा बीएलओ के रूप में कार्यरत थे। इनके द्वारा निर्वाचन कार्य में रुचि न लेने और उच्च अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना करने के कारण, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिमगा के प्रस्ताव पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा इन्हें निलंबित किया गया है।

## हाईवा जब्त, चालक गिरफ्तार, घायलों का इलाज जारी, बिलासपुर भेजने की तैयारी

# पिकअप और हाईवा में भिड़ंत : टेंट हाउस संचालक और महिला की मौत, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गिधौरी









गिधौरी से महज 10 किमी दूर मुख्य मार्ग के बिलाईगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत टुण्डरी पुल के पास एक छोटा हाथी वाहन और हाईवा में आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसे में पिकअप में सवार एक महिला और एक पुरुष की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल है। घटना की जानकारी मिलते ही बिलाईगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच कर रही है।

बिलाईगढ़ थाना प्रभारी शिवकुमार धारी ने बताया कि नगर पंचायत पवनी से दिनेश टेंट हाउस का संचालक दिनेश साहू अपने साथ पिकअप में टेंट का सामान और तीन टेंट कर्मचारी महिलाओं को लेकर शिवरीनारायण जा रहा था। इसी दौरान खपरीडीह क्रेशर से गिट्टी लेकर बिलाईगढ़ की ओर आ रहे हाईवा क्रमांक सीजी 22 एम 4463 के चपेट में आ गए। घटना में टेंट हाउस संचालक दिनेश साहू 45 वर्ष और एक महिला रूक्मणी केवट 55 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक दिनेश साहू शिवरीनारायण एवं गिधौरी में टेंट व्यावसायिक का काम करता था, जबकि घायल महिलाओं का नाम शांति बाई 40 वर्ष और इतवारा बाई 55 वर्ष बताया गया है। थाना



प्रभारी ने बताया कि घटना के बाद ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया गया है और ट्रक को भी बिलाईगढ़ थाने में जब्त कर लिया गया है। यातायात व्यवस्था भी सुगम कर दी गई है। सभी वाहनों को वहां से हटा दिया गया है और घटनाकरित वाहन चालक के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की जा रही है ।

बिलाईगढ़ के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. शशि जायसवाल ने बताया कि घटना घटने के बाद चार लोगों को बिलाईगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें से दो लोगों की मौत मौके पर ही हो गई थी, वहीं दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका प्राथमिक उपचार करने के बाद बिलासपुर रेफर किया जा रहा है। अभी उनकी स्थिति स्थिर है। शिवरीनारायण टेंट संघ मृतक दिनेश साहू की मौत पर गांव में शोक व्यक्त है।

## रेत चोरी के आरोप में 8 गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

ग्राम तिल्दा डोंगरा में रेत की चोरी करने वाले 8 आरोपियों पर खनिज विभाग ने कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी के बाद जेल भेजा है। आरोपी बगैर अनुमति रात के अंधेरे में वाहनों से रेत चोरी की चोरी करते थे।

प्रार्थी दीनबंधु धृतलहरे निवासी ग्राम तिल्दा डोंगरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 25 अगस्त को ग्राम तिल्दा में खनिज विभाग बलौदाबाजार द्वारा अवैध रेत परिवहन एवं भंडारण करने वाले लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए आकलन गणना कर 249 ट्रिप ट्रैक्टर ट्राली लगभग 747 घन मीटर कीमत 1,71,810 को जब्त कर निलामी के लिए ग्राम पंचायत को सुपूर्दनामें किया गया था, जिस पर आरोपियों द्वारा बिना अनुमति के एवं मना करने के बावजूद भी रात्रि में रेत चोरी कर ली गई।रिपोर्ट पर थाना लवन में धारा 305,3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

लवन पुलिस ने विवेचना में तिल्दा (डोंगरा) में ग्राम के निवासियों और जनप्रतिनिधियों से पूछताछ की गई। साथ ही खनिज विभाग द्वारा की गई कार्यवाही का दस्तावेज भी प्राप्त किया गया। प्रकरण के विवेचना क्रम में पुलिस द्वारा घटना में शामिल कुल 8 आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा खनिज विभाग द्वारा कार्यवाही पश्चात सुपूर्दनामें में दिए गए रेत को बिना अनुमति एवं मना करने के बावजूद भी चोरी कर ले जाना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपी रामकुमार यादव 41 वर्ष निवासी ग्राम तिल्दा डोंगरा थाना लवन मनोज कुमार कैवर्त उम्र 43 वर्ष, वतन बंजारे उम्र 35 वर्ष, भरत डौंडिया 32 वर्ष, गब्बर डहरिया 36 वर्ष, काशीराम दरिया 34 वर्ष, देव कुमार निराला 29 वर्ष और राहुल पैकरा 26 वर्ष निवासी ग्राम तिल्दा डोंगरा गिरफ्तार कर न्यायालय के बाद जेल भेजा गया।

## सोना-चांदी की दुकान में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार



राजा सोना चांदी ज्वेलर्स में चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी द्वारा दुकान का ताला तोड़कर, शटर उठाकर सोने चांदी की ज्वेलर्स एवं 10 हजार नगदी सहित सोने चांदी के जेवर कुल 3.50 लाख का सामान चोरी किया। थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर 1 लाख का सोना चांदी बरामद किया है।

प्रार्थी रजनीश केसरवानी निवासी बलौदाबाजार ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह राजा सोना चांदी ज्वेलर्स दुकान का संचालक है। 16 नवम्बर की रात अज्ञात आरोपी द्वारा उसकी दुकान के चैनल गेट में लगे ताला को तोड़कर दुकान में रखे सोने चांदी के जेवर एवं नगदी रकम सहित 3.50 लाख की चोरी कर ली गई है। रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली ने धारा 351(4),305 बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। जांच पड़ताल में धनेश निषाद 30 वर्ष निवासी ग्राम खपरी थाना गिधपुरी गिरफ्तार कर कड़ाई से पूछताछ की गई, जहां आरोपी ने चोरी करना कबुल किया।

## तीन दिवसीय नेशनल बाल बैडमिंटन प्रतियोगिता आज से

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पलारी



राष्ट्रीय स्तर पर बाल खिलाड़ियों की प्रतिभा को बढ़ावा देने बाल बैडमिंटन संघ बलौदाबाजार द्वारा 21, 22 एवं 23 नवंबर को नगर पंचायत पलारी के दशहरा मैदान में नेशनल बाल बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में राज्यभर से जूनियर बालक एवं जूनियर बालिका वर्ग के उभरते युवा खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

आयोजन समिति के अनुसार प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों को उच्च स्तरीय खेल मंच उपलब्ध कराना और बैडमिंटन के प्रति उनकी रूचि को प्रोत्साहित करना है। समिति ने बताया कि सभी मैच अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप आयोजित किए जाएंगे, जिससे खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धात्मक माहौल का वास्तविक अनुभव मिल सके।

प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने समिति के सदस्यों के साथ दशहरा मैदान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कोर्ट की व्यवस्था, खिलाड़ियों एवं दर्शकों के लिए बैठक व्यवस्था तथा सुरक्षा प्रबंधों की विस्तृत समीक्षा की गई। आयोजन ▸▸ शेष पेज 13 पर

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

**कल के अंक में देखें**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।

भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## निर्वाचन कार्य में लापरवाही, प्रधानपाठक सहित दो सहायक शिक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

अनुशासनहीनता को बढ़ावा देने, शराब पीकर विद्यालय आने, शाला समय में अनुपस्थित, निर्वाचन कार्य में बीएलओ की ड्यूटी लगाये जाने के बाद भी जिम्मेदारीपूर्वक कर्तव्य का निर्वहन नहीं करने सम्बन्धी शिकायत पर कड़ी कार्यवाही करते हुए प्रभारी प्राचार्य एवं दो सहायक शिक्षक को निलंबित किया गया है।

विकासखंड सिमगा अंतर्गत प्राथमिक शाला मोटियारीडीह में पदस्थ प्रधानपाठक उमेश कुमार वर्मा एवं सहायक शिक्षक एलबी संदीप कुमार साहू द्वारा मद्यपान कर शाला आने एवं शाला समय में अनुपस्थित पाये गए। इसी तरह विकासखंड सिमगा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला दर्रीपारा केसदा में पदस्थ सहायक शिक्षक एलबी मिथलेश कुमार वर्मा का निर्वाचन कार्य में बीएलओ की ड्यूटी लगाये जाने के बाद भी जिम्मेदारीपूर्वक कर्तव्य का निर्वहन नहीं किया गया। प्रधान पाठक एवं शिक्षकों के उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 9 के विपरीत मानते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रधानपाठक उमेश कुमार वर्मा, सहायक शिक्षक एलबी संदीप कुमार साहू एवं मिथलेश कुमार वर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय कसडोल एवं पलारी नियत किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

**पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित**

**पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006**

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में (सत्र 2025-26) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

**उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें**

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (C.O.T.) सर्टिफिकेट इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | (GDA) जनरल ड्यूटी एसिस्टेंट | सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सूरजपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| रायपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| धमतरी | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सरईपाली | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जगदलपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| बीजापुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कोंडागांव | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कांकेर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |

आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत : अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक। विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।

नोट :-

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे। साथ ही 55 रूपये का डाक टिकट लगा हूआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा।
3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे।
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।
5. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है। अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं और कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि न दें।

आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :-05.12.2025 तक।

आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-10.12.2025 तक।

**आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप**

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, ओम प्लाजा, बजरंग चौक, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006

महोदय,

.................. (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।

1. आवेदक का नाम .................. 2. पिता / पति ..................
3. जन्म तिथि अंको में .................. 4. वर्ग:- अनु. ज. जाति [ ] अनु. जन जाति [ ] पिछड़ा वर्ग [ ] सामान्य [ ]
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम .................. पोस्ट .................. तहसील ..................
थाना .................. जिला .................. पिन कोड [ ]
मो. नं. 1 .................. मो. नं. 2 .................. वाट्सअप नं. ..................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ..................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक 89923 बिलासपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### एस्मा का दुरुपयोग कर एफआईआर का विरोध, सीआईडीए ने मुख्य सचिव को लिखा पत्र

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ इन सर्विस डाक्टर्स एसोसिएशन (सीआईडीए) ने सहकारी बैंक कर्मचारियों की हड़ताल के दौरान कृषि अधिकारियों पर अतिरिक्त दायित्व सौंपे जाने तथा एस्मा का दुरुपयोग कर की जा रही एफआईआर का कड़ा विरोध किया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. इकबाल हुसैन ने प्रदेश के मुख्य सचिव को इस कार्रवाई का विरोध करने के साथ पांच सूत्रीय मांग को लेकर पत्र लिखा है। डा. इकबाल ने इस इस पत्र के माध्यम से एस्मा के तहत अधिकारियों पर कराई गई एफआईआर को निरस्त करने, गिरफ्तार अधिकारियों को ससम्मान रिहा करने, इस तरह का आदेश जारी करने वाले अधिकारियों पर विभागीय जांच कराने, भविष्य में किसी भी संवर्ग पर तकनीकी क्षमता से असंबंधित कार्य थोपने की प्रथा समाप्त करने तथा कृषि अधिकारियों और अन्य तकनीकी कैडर के कार्य विभाजन, अधिकार एवं जिम्मेदारियों को लेकर स्पष्ट आदेश जारी किए जाने की मांग की है।
शासन से हस्तक्षेप करने की मांग : इस मांग पत्र के माध्यम से सीआईडीए ने शासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर इस संवेदनशील प्रकरण को न्यायपूर्ण तरीके से सुलझाए हुए शासन और कर्मचारियों के बीच बिड़ते रिश्ते को रोकने की मांग की है।

### मरीजों के लिए उपलब्ध नहीं हैं चिकित्सक



**रायपुर।** आम आदमी पार्टी द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में दौरा कर स्वास्थ्य सेवाएं की ग्राउंड रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इस कड़ी में टीम ने बिरगांव में दौरा किया। रायपुर जिलाध्यक्ष नवनीत नंदे, संगठन मंत्री सागर क्षीर सागर, सुरेंद्र बिसेन और महासचिव नरेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा, बिरगांव इलाके में स्वास्थ्य व्यवस्था बदतर है। निरीक्षण के समय उप स्वास्थ्य केंद्र में एक भी डॉक्टर या स्टाफ केंद्र में उपस्थित नहीं था। मरीजों के लिए कोई व्यवस्था उपलब्ध नहीं थी। केंद्र पूरी तरह से बंद और असुविधाजनक स्थिति में मिला। आम आदमी पार्टी ने व्यवस्था सुधार की मांग शासन से की है।

### कैबिनेट मंत्री ने पीड़ित परिवारों को सहायता प्रदान करने का दिया भरोसा



**रायपुर।** विगत दिनों जिला अस्पताल दुर्ग में प्रसव के दौरान हुई महिलाओं की हुई दुर्भाग्यजनक मौत के परिजनों से केबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव ने मुलाकात कर संवेदना व्यक्त किया। शिक्षा ग्रामोद्योग और विधि विधायी मंत्री गजेंद्र यादव ने बताया कि दुर्ग निगम क्षेत्र के शिवपारा निवासी किरण यादव एवं बजरंग नगर निवासी पूजा यादव के विगत दिनों हुए दुर्भाग्यपूर्ण निधन की घटना अत्यंत व्यथित करने वाली है। यह घटना न केवल दो परिवारों के लिए अपूरणीय क्षति है, बल्कि समाज को भी गहरी पीड़ा पहुंचाने वाली है। बुधवार को दोनों शोकाकुल परिवारों के निज निवास पहुँचकर परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना प्रदान किया।

# महिला सहायक प्राध्यापकों ने प्रोफेसर पर लगाए अभद्र व्यवहार के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग ने बुधवार को शासकीय नवीन महाविद्यालय नवागांव में कार्यरत महिला सहायक प्राध्यापकों की शिकायत पर सुनवाई की। महिला प्राध्यापकों ने पुरुष प्राध्यापक पर उनके साथ अभद्र व्यवहार, धमकी देने और अपमानित करने का आरोप लगाया है। वहीं अनावेदक ने भी महिलाओं पर आरोप लगाया है कि वे सभी पुरुष प्राध्यापक से खिलाफत करती हैं। दोनों पक्षों की बातें सुनने के बाद आयोग ने महाविद्यालय के प्राचार्य को पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने इस मामले की जांच कर दो माह के भीतर रिपोर्ट आयोग में पेश करने कहा है।

आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के कार्यालय रायपुर में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। इस दौरान में एक प्रकरण में शासकीय नवीन महाविद्यालय नवागांव में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत महिलाओं ने यहां पदस्थ पुरुष सहायक प्राध्यापक पर कई आरोप लगाए हैं। आवेदिकाओं ने बताया कि अनावेदक कॉलेज के छात्र-छात्राओं के सामने उनके साथ अभद्र व्यवहार, धमकी देना और अपमानित करते हैं। कॉलेज के छात्र-छात्राओं को भी नंबर काटने की धमकी देकर उन पर दबाव डालते हैं। आवेदिकाओं ने यह भी आरोप लगाया कि अनावेदक बार-बार जूते के नीचे रहो कहकर धमकाते रहते हैं। एक आवेदिका ने यह भी आरोप लगाया है कि उसने मेडिकल आवश्यकता के आधार पर अवकाश की सूचना कॉलेज ग्रुप में दी थी। इसके बावजूद अनावेदक ने सार्वजनिक तौर पर उसके साथ अभद्र भाषा में आपत्तिजनक तरीके से उसे धमकाते हुए बात की, जिसकी वजह से आवेदिका का बीपी लो हो गया और उसकी प्रेगनेंसी में बच्चे का हार्टबीट बंद होने से अबॉर्शन हो गया। इधर अनावेदक ने अपने बचाव में कहा कि सभी महिला प्राध्यापक कॉलेज में पुरुष प्राध्यापक की खिलाफत करती हैं, इसलिए झूठे आरोप लगा रही हैं। दोनों पक्षों की बातें सुनने के बाद आयोग ने कॉलेज के प्राचार्य को पत्र लिखकर आदेश दिया है कि दो माह के भीतर इस मामले की जांच कर रिपोर्ट आयोग को सौंपे।

### राज्य महिला आयोग ने प्राचार्य को भेजा पत्र, 2 माह में जांच कर मांगी रिपोर्ट

#### सदस्यों का सुनवाई का बहिष्कार जारी

*इधर एक ओर जहां आयोग की अध्यक्ष लगातार महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई करने के साथ उनका निराकरण कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर इस सुनवाई में आयोग की अन्य सदस्य शामिल नहीं हो रही हैं। आयोग की तीन सदस्य लक्ष्मी वर्मा, सरला कोसरिया, दीपिका सोरी और अध्यक्ष किरणमयी नायक के बीच का विवाद अभी तक सुलझ नहीं पाया है। आयोग की तीन सदस्यों ने पूर्व में अध्यक्ष पर मनमानी करने सहित कई गंभीर आरोप लगाते हुए सुनवाई का बहिष्कार किया था। इसके बाद से तीनों सदस्य आयोग की सुनवाई में शामिल नहीं हो रही हैं।*




## पकड़े गए बंधुआ मजदूरों में से 23 लड़के और 34 लड़कियों को छोड़ा गया

# ऐसा है सिस्टम...जिन बंधुआ बच्चों को मशक्कत कर छुड़वाया, उन्हें 36 घंटे में ही ले गए ठेकेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

मशरूम फैक्ट्री से छुड़ाए गए नाबालिग श्रमवीरों के मामले में नया मोड़ आ गया है। सोमवार देर रात जिन लड़के-लड़कियों को महिला एवं बाल विकास विभाग के संरक्षण अधिकारी और समाजिक संगठन के सदस्यों ने मिलकर छुड़वाया था, उन्हें बुधवार दोपहर ठेकेदार अपनी बस में बैठाकर दोबारा फैक्ट्री में मजूदरी के लिए ले गए। अधिकारी मशरूम फैक्ट्री और ठेकेदारों के खिलाफ पर्याप्त सबूत नहीं जुटा पाए। जिनके दस्तावेज उन्हें अब तक नहीं मिल सके हैं, केवल उन्हें ही नाबालिक मानते हुए माना स्थित संरक्षण गृह में रखा गया है। शेष को ठेकेदारों के हवाले कर दिया गया है। सोमवार देर रात छुड़वाए गए 48 लड़कों में से 23 को छोड़ दिया गया है और 25 के डॉक्यूमेंट का इंतजार है। इसी तरह से 61 लड़कियों में से 34 को छोड़ दिया गया है और केवल 21 लड़कियों को ही उनकी उम्र संबंधित डॉक्यूमेंट मिलने तक रखा गया है।

उम्र संबंधित कागजात दिखाने के साथ ही लड़के-लड़कियों को खरोरा स्थित मोजो मशरूम फैक्ट्री के ठेकेदार दोबारा ले गए, जबकि छुड़वाई गई लड़कियों में से कई ने ठेकेदार और उनके आदमियों के खिलाफ निजी अंगों को छूने और छेड़छाड़ जैसे गंभीर आरोप लगाए थे। छुड़वाए गए बच्चे यदि बालिक हैं, तब भी उन्हें जिस स्थिति में रखा गया और काम के बदले जो मजदूरी दी जा रही थी वो श्रम कानूनों का उल्लंघन है। इसके बाद भी इन पर बगैर कोई कार्रवाई किए चुपचाप ठेकेदारों को सौंप दिया गया है। श्रम विभाग भी शिकायत पर ही कार्रवाई करने की बात कहकर पल्ला झाड़ रहा है।

### हर राज्य में अलग ठेकेदार

जिन बंधुआ मजदूरों को छुड़वाया गया है, वे अलग-अलग राज्यों से हैं। इनमें असम, झारखंड, ओडिशा, यूपी, एमपी और पश्चिम बंगाल से आए हुए मजदूर शामिल हैं। सभी राज्यों में अलग-अलग ठेकेदार हैं, जो मजूदरों की सप्लाई करते हैं। कंपनी इन ठेकेदारों से संपर्क कर मजदूरों का मोल-भाव करती है। जिन मजूदरों के उम्र संबंधित दस्तावेज नहीं मिल सके हैं, उन्हें नाबालिक मानकर महिला और बाल विकास विभाग के अधिकारी तथा एसोसिएशन फॉर वॉयलेंट्री एक्शन के सदस्य बुधवार देर शाम खरोरा थाने मामले की शिकायत करने अवश्य पहुंचे, लेकिन आधे बच्चों को ठेकेदारों को ले जाते देखकर रोके गए बच्चों को भी विशेष राहत की उम्मीद नहीं है।


मशरूम फैक्ट्री से छुड़वाई गई बच्चियों ने काउंसिलिंग में सुनाई दर्दनाक आपबीती
बच्चियों ने कहा-ठेकेदार संग उसके आदमी काम के बहाने निजी अंग छूते थे, छेड़छाड़ भी

- काउंसिलिंग में बच्चे स्वीकार चुके, उन्हें माता-पिता ने पैसों की खातिर भेजा
- श्रम विभाग भी शिकायत पर ही कार्रवाई करने की बात कहकर पल्ला झाड़ रहा

**शिकायत दर्ज :** महिला एवं बाल विकास विभाग ने शिकायत दर्ज कराई है। इसके आधार पर जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
- वीरेंद्र चतुर्वेदी, सीएसपी, विधानसभा

### कई बच्चे जुलाई में भी छुड़वाए गए

जिन बच्चों को नवंबर माह में हुई छापेमारी में छुड़वाया गया है, उनमें से आधा दर्जन बच्चे ऐसे हैं, जिन्हें जुलाई माह में छापेमारी के दौरान भी छुड़वाया जा चुका है। इनमें से कुछ बच्चों ने काउंसिलिंग के दौरान बताया कि उनके माता-पिता निश्चित राशि लेकर उन्हें ठेकेदार को सौंप चुके हैं, इसलिए उन्हें एक बार छुड़वाए जाने के बाद दोबारा काम पर लौटना पड़ा। इसके बाद भी इन बच्चों को केवल इस आधार पर ठेकेदारों के साथ जाने दिया गया, क्योंकि ये बालिक हैं। इन लड़के-लड़कियों ने आगे पढ़ने की इच्छा भी काउंसिलिंग के दौरान जताई थी। इनमें से कई 8वीं-10वीं पास हैं, जबकि कई पढ़ना-लिखना बिल्कुल भी नहीं जानते हैं। गौरतलब है कि इसी मशरूम फैक्ट्री में बंधक बनाकर मजदूरी कराए जाने का मामला इसी साल जुलाई माह में भी सामने आया था। उस दौरान 90 से अधिक मजदूरों को रेस्क्यू किया गया था। उस वक्त मामला लेबर कोर्ट तक पहुंचा। फिर कार्रवाई ठंडे बस्ते में चली गई और ठेकेदार फिर से बच्चों से मजदूरी कराने लगे। नवंबर माह में हुई कार्रवाई भी इसी दिशा में बढ़ती नजर आ रही है।

# ढाई साल के सौतेले बेटे की हत्या, हादसा बनाने की थी साजिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**परिवार अपनाना नहीं चाहता था, 20 दिन से कर रहा था टार्चर**

**पिता ने इतना पीटा की मासूम ने जान गंवा दी**

परिवार द्वारा अपनाने से इनकार करने पर सौतले पिता ने ढाई साल के बच्चे को पीट-पीटकर मार डाला। पिटाई से गंभीर रूप से जख्मी मासूम के चोट की वजह हादसा बताने की साजिश की जा रही थी, मगर पोस्टमार्टम की रिपोर्ट से सच्चाई का खुलासा हो गया। कबीरनगर थाने की पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि ढाई साल के सौतले बेटे की हत्या के आरोप में आसिब खान को गिरफ्तार किया गया है। वहीं बच्चे की सगी मां को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। बच्चे को गंभीर रूप से जख्मी हालत में एम्स लाया गया था। पिता ने डाक्टरों को बताया था कि बच्चा खेलते-खेलते गिर गया, जिससे उसे गंभीर चोट लगी थी। इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई और जब उसका पोस्टमार्टम कराया गया, तो हत्या का राज खुल गया। पिता आसिब ने उसे इतना मारा था कि उसकी मौत हो गई।

### मारपीट से मासूम के शरीर में काफी जख्म बन चुके थे

*पुलिस अफसर के अनुसार आसिब ने परित्यक्ता रेशमी नामक महिला से शादी की थी। रेशमी अपने दो बच्चों को मायका छोड़ आई थी और मासूम को अपने साथ लेकर आई थी। आरोपी आसिब के पिता बहू को अपनाने को राजी थे, मगर उसके बच्चे को रखना नहीं चाहते थे। इसे लेकर आसिब से उसकी कहा सुनी होती थी। आसिब इस बात को लेकर नाराज था और उसने मासूम बच्चे पर गुस्सा निकालना शुरू कर दिया। पिछले 15-20 दिन से वह मासूम को बुरी तरह से पीट रहा था। मारपीट से मासूम के शरीर में काफी जख्म बन चुके थे और उसके कुछ आर्गन भी प्रभावित हो गए थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की और हत्या का खुलासा हो गया।*

# आयुष का 'वयोमित्र' कार्यक्रम से अब तक 7.34 लाख को मिला स्वास्थ्य लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य सुविधाओं का ध्यान रखते हुए वर्ष 2024 में शुरू किए गए वयोमित्र कार्यक्रम का लाभ अब तक 7.34 लाख से अधिक लोगों को मिल चुका है। इस योजना की शुरुआत पूर्व में संचालित सियान जतन अभियान की सफलता के बाद किया गया है। योजना के तहत बुजुर्गों को विभिन्न तरह की स्वास्थ्य जांच के साथ योगा, प्राणायाम के साथ प्राकृतिक चिकित्सा के बारे में भी परामर्श दिया जाता है।

- सियान जतन योजना की सफलता के बाद 2024 से वयोमित्र योजना का संचालन

राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत राष्ट्रीय कार्यक्रम 'वयोमित्र' की शुरुआत छत्तीसगढ़ में वर्ष 2024 से राज्य के 146 विकासखंडों में है। इसका मुख्य उद्देश्य वृद्धजनों की स्वास्थ्य सेवा को सशक्त, सुलभ और प्रभावी बनाना है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य वृद्धजनों की स्वास्थ्य सेवा को सशक्त, सुलभ और प्रभावी बनाना है तथा समुदाय स्तर पर उनकी स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाना भी है। इस पहल से, राज्य के वरिष्ठ नागरिकों को आयुष पद्धतियों के माध्यम से समग्र स्वास्थ्य लाभ मिलने की उम्मीद है, जिससे उनका बुढ़ापा अधिक स्वस्थ और सम्मानजनक बन सकेगा। इस योजना में मरीजों को वृद्धावस्था में होने वाली सामान्य बीमारियों के लिए सुरक्षित उपचार एवं सलाह विभिन्न शिविरों के माध्यम से दी जाती है। दावा किया जा रहा है कि आयुष आधारित जीवनशैली को अपनाने से मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार के साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता और गुणवत्ता में वृद्धि हो रही है। इससे समुदाय में वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सहानुभूति एवं सहयोग की भावना में वृद्धि भी हो रही है। संचालनालय आयुष के तहत संचालित इस कार्यक्रम ने अब तक 7 लाख 34 हजार से अधिक नागरिकों को लाभान्वित किया है, जो इसकी व्यापक पहुंच और सफलता को दर्शाता है।

### स्वास्थ्य कल्याण का व्यापक मंच

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि आयुष राष्ट्रीय कार्यक्रम 'वयोमित्र' छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक व्यापक मंच बन गया है। यह कार्यक्रम वृद्धजनों को उनके घर पर ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने की दिशा में एक सार्थक पहल है। आयुष विभाग ने सभी वरिष्ठ नागरिकों एवं उनके परिवारों से आग्रह किया है कि वे इस कार्यक्रम का पूर्ण लाभ अवश्य लें।

# सहारा इंडिया में निवेशकों के एक लाख 13 हजार करोड़ से अधिक पैसे फंसे, रिफंड हुए 7580 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सहित देशभर में सहारा इंडिया के समूहों में निवेशकों के एक लाख 13 हजार करोड़ रुपए से अधिक पैसे फंसे हुए हैं। सहारा इंडिया समूह रायपुर से जुड़े सूत्रों से मिले आकड़ों के अनुसार इन फंसे पैसों को सहारा रिफंड पोर्टल के माध्यम से निवेशकों को लौटाया जा रहा है। इसके तहत देशभर के निवेशकों को अब तक कुल 7580 करोड़ रुपए लौटाए गए हैं।

इसमें छत्तीसगढ़ में 86 करोड़ रुपए से अधिक राशि लौटाई गई है। हालांकि निवेशकों की फंसी कुल राशि की तुलना में लौटाई गई राशि बहुत छोटी है। निवेशकों को यह राशि अभी तक 10 हजार, 20 हजार से लेकर 50 हजार रुपए तक लौटाई जा रही थी, वहीं जनवरी 2026 से इसे बढ़ाकर एक लाख से लेकर 5 लाख रुपए तक किए जाने की संभावना है।

### प्रदेश में 25 लाख से अधिक निवेशकों के 20 हजार करोड़ से अधिक राशि फंसी

सहारा इंडिया समूह छत्तीसगढ़ के पूर्व एजेंटों के अनुसार प्रदेशभर में 25 लाख से अधिक निवेशकों के 20 हजार करोड़ से अधिक पैसे फंसे हुए हैं। इन फंसे पैसों की तुलना में अभी तक 86 करोड़ रुपए ही लौटाए गए हैं। एजेंटों का कहना है कि प्रदेश से जितने आवेदन रिफंड के लिए गए हैं, उनमें लगभग आधे आवेदनों को अलग-अलग कारण से रिजेक्ट कर दिए गए हैं। इसके कारण प्रदेश के निवेशकों को उनके डूबे पैसे भी मिल नहीं पा रहे हैं।

### छत्तीसगढ़ के निवेशकों को भी 86 करोड़ से अधिक रिफंड


सहारा इंडिया की 127 कंपनियों के अंतर्गत स्कीमों में कराया गया था निवेश, रिफंड मात्र 4 कंपनियों का
छत्तीसगढ़ में 25 लाख परिवार प्रभावित, एक लाख कर चुके आवेदन, रिफंड 300 से कम निवेशकों को मिला

### सहारा की 34 प्रॉपर्टी विवादित, अडानी समूह खरीदेने की तैयारी में

*सहारा रिफंड पोर्टल के माध्यम से निवेशकों को उनके डूबे पैसे वापस किए जा रहे हैं। इसके तहत सहारा समूह का सेबी के पास जमा राशि को धीरे-धीरे जारी कर रिफंड पोर्टल के माध्यम से निवेशकों को लौटाई जा रही है। सहारा समूह की खुद की करीब 88 प्रॉपर्टी भी हैं। सूत्रों के अनुसार इन प्रॉपर्टियों को खरीदने में अडानी समूह ने रुचि भी दिखाई है। इसके लिए अडानी समूह ने अर्जी भी लगाई हुई है। बताया जा रहा है कि सहारा समूह की करीब 34 प्रॉपर्टी विवाद में फंसी हुई है। इसके कारण अभी तक यह प्रॉपर्टी की बिक्री नहीं हो पाई है। सूत्रों की मानें, तो प्रॉपर्टी की बिक्री होने से जो राशि मिलेगी, वह भी निवेशकों को वापस की जाएगी। संभावना जताई जा रही है कि आगामी एक-दो महीने के भीतर विवादित 34 प्रॉपर्टी पर फैसला आ सकता है, जिसके बाद कानूनी अड़चनें दूर हो जाएंगी और सौदा हो पाएगा।*

### डेटा बदलने का आरोप

सहारा पीड़ित जमाकर्ता-कार्यकर्ता कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनय सिंह राजपूत ने पूर्व में यह आरोप भी लगा चुके हैं कि सहारा सोसायटियों के प्रबंधन के द्वारा सीआरसीएस को सत्यापन कर जो डेटा दिया गया है वह अपूर्ण है। प्रबंधन ने डेटा को बदल दिया है। पोर्टल भी पारदर्शिता नहीं है। इसके कारण सिर्फ 4 सोसायटियों के निवेशकों को पैसे लौटाए जा रहे हैं, जबकि सहारा समूह की 127 सोसायटियों में निवेशकों ने पैसे निवेश किए हैं।

### प्रॉपर्टी बिक्री पर सेबी को ऐतराज नहीं

सूत्रों के अनुसार सहारा समूह की प्रॉपर्टी को अडानी समूह खरीदने की रुचि ले रहा है। इसे लेकर सेबी ने भी ऐतराज से इनकार किया है। सेबी का कहना है कि प्रॉपर्टी की बिक्री की राशि भी सेबी में ही जमा होनी है, जिसे बाद में निवेशकों को रिफंड पोर्टल के माध्यम से लौटाया जाना है।

# प्रदेश में 31 हजार से अधिक गाड़ियों में लगा जीपीएस सिस्टम, इनमें 26426 माल वाहक एवं 4712 बसें शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय परिवहन मंत्रालय ने देश के सभी राज्यों में चलने वाली सार्वजनिक बसें, माल वाहक एवं टैक्सी वाहन में ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) और पैनिक बटन लगाना अनिवार्य किया है। इसके तहत छत्तीसगढ़ में भी लगातार गाड़ियों में जीपीएस सिस्टम लगाए जा रहे हैं, लेकिन पैनिक बटन अब तक नहीं लगाए गए हैं।

परिवहन विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में अब तक कुल 31 हजार 397 वाहन में जीपीएस सिस्टम लगाए गए हैं। इनमें 26426 माल वाहक, 4712 बसें तथा 259 चारपहिया वाहन शामिल हैं। देखा जाए तो प्रदेश में पंजीकृत गाड़ियों की तुलना में जीपीएस सिस्टम बहुत कम गाड़ियों में लग पाया है, जबकि इस नियम को लागू हुए 6 साल से ज्यादा हो चुका है। इसके बाद भी वाहन मालिक जीपीएस सिस्टम और पैनिक बटन नहीं लगवा रहे हैं।

### महिला एवं यात्रियों की सुरक्षा के कारण नियम लागू

जीपीएस सिस्टम एवं पैनिक बटन को लागू करने के पीछे सरकार का मुख्य उद्देश्य महिलाओं तथा यात्रियों की सुरक्षा करना है। यह सिस्टम वर्ष 2018 में लागू हुआ है, वहीं वर्ष 2019 में इस सिस्टम को सख्ती से पालन कराने के निर्देश परिवहन मंत्रालय ने दिए थे। इस निर्देश के तहत प्रदेश में लगातार सार्वजनिक माल वाहक, टैक्सी वाहन एवं बसों पर जीपीएस सिस्टम एवं पैनिक बटन लगाने के लिए राज्य परिवहन विभाग द्वारा दबाव भी बनाया जा रहा है, लेकिन कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण इसका असर वाहन मालिकों पर नहीं पड़ रहा है। यही कारण है कि जीपीएस एवं पैनिक बटन सिस्टम लगाना अनिवार्य होने के बाद भी प्रदेश में अभी तक बहुत कम संख्या में गाड़ियों में ये सिस्टम लगाए गए हैं।



**निगरानी के साथ राजस्व नुकसान भी बचेगा :** आबकारी विभाग के गोदामों एवं दुकानों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिसके जरिए उनकी निगरानी की जाती है, वहीं शराब परिवहन गाड़ियों में जीपीएस सिस्टम लगने से पारदर्शिता सुनिश्चित होगी, साथ ही राजस्व के नुकसान को रोका जा सकेगा।

### शराब परिवहन की गाड़ियों में भी अब तक नहीं लगा

छत्तीसगढ़ आबकारी विभाग ने शराब के अवैध परिवहन और तस्करी को रोकने के लिए यह सुनिश्चित किया है कि शराब परिवहन करने वाली सभी गाड़ियों में भी जीपीएस सिस्टम लगाना है। सूत्रों के अनुसार छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीएसएमसीएल) द्वारा शराब के परिवहन के लिए जारी निविदाओं में यह स्पष्ट शर्त भी शामिल है, जिसके तहत परिवहन डिजिटल लॉक और जीपीएस ट्रैकिंग सुविधा वाले वाहन से किया जाना है। इधर इस मामले में विभाग के जिला अधिकारियों का कहना है कि शासन स्तर पर सभी शराब परिवहन वाहन में जीपीएस सिस्टम लगाने की फाइल चल चुकी है, लेकिन इसे अनिवार्य रूप से लागू करने के संबंध में कोई स्पष्ट आदेश नहीं आया है। अधिकारियों का यह भी कहना है कि जीपीएस सिस्टम लगाने संबंधी जो भी आदेश जारी होगा शासन स्तर पर होगा।

### कार्रवाई नहीं, इसलिए सिस्टम का पालन भी नहीं

जीपीएस और पैनिक बटन लगाने का सिस्टम अनिवार्य है। इसके बाद भी वाहन मालिक इस आदेश का पालन नहीं कर रहे हैं। इसके पीछे बड़ी वजह पालन नहीं करने वाले वाहन मालिकों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं किया जाना है। परिवहन विभाग अभी तक इस सिस्टम को लागू कराने में सख्ती नहीं बरती है, जिसके कारण इस सिस्टम का वाहन मालिक पालन भी नहीं कर रहे हैं।

### किस रूट पर वाहन चल रहा पल-पल की जानकारी मिलेगी

जीपीएस सिस्टम के लगने से बस, ट्रक, टैक्सी किस रूट पर चल रही है। इसकी पल-पल की जानकारी परिवहन विभाग को मिलेगी, वहीं पैनिक बटन की मदद से परिवहन विभाग और पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी जा सकेगी। सूचना मिलते ही यात्री की सुरक्षा के लिए जीपीएस से ट्रेक कर पुलिस वहां पहुंच पाएगी।

# एससीआर के लिए 210 अफसर कर्मियों का सेटअप मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के स्टेट कैपिटल रीजन यानी एससीआर के लिए 210 अफसर कर्मियों का एक नया सेटअप तैयार होगा। खास बात ये है कि इसके लिए वित्त विभाग ने अपनी मंजूरी दे दी है। हालांकि इसके लिए 240 पदों का सेटअप तैयार करके भेजा गया था। छत्तीसगढ़ का एससीआर रायपुर, नवा रायपुर, भिलाई और दुर्ग जिले को मिलाकर बनाया जा रहा है। इस व्यवस्था के संचालन के लिए अधिकारियों कर्मचारियों का एक सेटअप आवश्यक होता है। इस सेटअप में शामिल अफसर कर्मी संचालन करेंगे। बताया गया है कि वित्त विभाग द्वारा स्वीकृत सेटअप में छह अधिकारियों के पद उच्च वेतनमान वाले हैं, इसके संबंध में मंजूरी राज्य मंत्री परिषद (कैबिनेट) द्वारा दिए जाने का प्रावधान है। बताया गया है कैबिनेट की अगली बैठक में यह प्रस्ताव रखा जाएगा, मंजूरी के बाद 210 पदों का सेटअप लागू होगा।

**अब होगा संचालक मंडल का गठन:** एससीआर के लिए संचालक मंडल का गठन किया जाना है। जानकारों के मुताबिक यह राज्य का सबसे बड़ा प्राधिकरण होगा। इस संचालक मंडल की अध्यक्षता मुख्यमंत्री करेंगे। इसके साथ ही सरकार के चार मंत्री और तीन विधायक भी संचालक मंडल में शामिल किए जाएंगे। माना जा रहा है कि सेटअप की मंजूरी के बाद संचालक मंडल घोषित कर दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### अगहन गुरुवार को लक्ष्मी की विशेष पूजा

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम अरंड में महिलाओं ने अगहन गुरुवार को माता लक्ष्मी की विशेष पूजा अर्चना की गई। अपने-अपने घर आंगन को रंगोली एवं चावल आटा से पदचिन्ह बनाया गया। गांव के कामिनी बाई निर्मलकर, चंपेश्वरी बाई, नीतू बाई, संतोषी बाई ठाकुर, पुष्पा बाई, हीरामती, धनेश्वरी बाई, कौशिल्या बाई आदि ने अपने घरों में मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की।

### जिला पंचायत में विशेष शिविर आज

**महासमुंद।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा देशभर में बिना दावे वाली वित्तीय संपत्तियों को उनके असली मालिकों को लौटाने के लिए एक विशेष पहल के तहत आपकी पूंजी आपका अधिकार अभियान की शुरुआत की गई है। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक अभय पारे ने बताया कि इसका उद्देश्य नागरिकों को उनके बिना दावे वाली संपत्तियों को जैसे निष्क्रिय बैंक खाते को पुनः प्राप्त करने में मदद करना है। दिसंबर 2025 तक चलने वाला यह एक अभियान तीन चरणों में केंद्रित है। यह जागरूकता पहुंच कार्यवाही है, ताकि लोग आसानी से अपना पैसा पा सके और उसका दावा कर सके। इसमें वित्तीय सेवा विभाग द्वारा समन्वित बैंकों, बीमा कंपनियों एवं स्टॉक एक्सचेंज सहित कई संस्थान शामिल है। पारे ने बताया कि आरबीआई की पहल के तहत यादि अपने पुराने बैंक खाते में पैसा जमा करके भूल गए हैं, यानी निष्क्रिय खाते या असंचालित खाते को चाकू करने या उसे वापस पाने के लिए तीन चरण अपनाने होंगे। पहला आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाए, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।

### गुरुवार को लक्ष्मी की पूजा अर्चना



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में अगहन गुरुवार को महिलाओं ने माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना की। अगहन गुरुवार का काफी महत्व होता है। अगहन माह में हर गुरुवार महालक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए कुंवारी कन्याओं के साथ ही शादीशुदा महिलाएं भी पूरे विधि-विधान से पूजा करती हैं। अगहन गुरुवार के मौके पर महिलाओं द्वारा मां लक्ष्मी की विशेष पूजापाठ की जाती है। अगहन माह के चारों गुरुवार को महालक्ष्मी की विधिवत पूजा की जाती है।

### ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर में सवार तीन लोग घायल

महासमुंद। बागबाहरा के राइस मिल के पास एनएच 353 पर एक ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर में सवार तीन लोग घायल हो गए। मामले की रिपोर्ट बागबाहरा थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस को प्रार्थी ओमनाथ सिद्ध निवासी बर्जनसर थाना डूंगरगढ जिला बीकानेर राजस्थान ने बताया कि वह विगत 03 वर्ष से ग्राम ओंकारबंद थाना खल्लारी जिला महासमुंद के राजेश अग्रवाल के कृषि फार्म को किराये में लेकर खेती किसानी का काम करता है।

### पेज 11 के शेष

#### तीन दिवसीय ...

समिति के अनुसार विजेताओं को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।आयोजक समिति में बमलेश्वर पटेल, टुकेश पटेल, राज पटेल, दीपांशु पटेल, आशुतोष पटेल, तिरुपति पटेल, रामकुमार टंडन, लक्ष्मीनारायण टंडन, संजय गैंड्रे, चंदन यादव, मालिक साहू, खुशबू साहू, तेरीना फेकर, रुचि पटेल, नंदनी साहू, मुस्कान साहू, दिव्यानी पटेल सहित अन्य सदस्य शामिल हैं।

# सड़क मरम्मत में मापदंड का अभाव, बनते ही उखड़ रही

**बलौदाबाजार से सारंगढ़ तक रोड मरम्मत कार्य में देखी जा रही अनियमितता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

राष्ट्रीय राजमार्ग की सड़कों का मरम्मत कार्य इन दिनों प्रगति पर है। इसी क्रम में रायपुर से सारंगढ़ तक बनने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 बी में भी मरम्मत का कार्य चल रहा है।बलौदाबाजार से सारंगढ़ मार्ग की सड़क काफी बदहाल है। जगह-जगह पर गड्ढे निर्मित है। हालांकि इस रोड का नया टेंडर होने के बाद निर्माण एजेंसी द्वारा एक साल की गारंटी के तहत इस एनएच वाली रोड का मरम्मत कार्य इनके द्वारा किया जा रहा है। एक तरफ मरम्मत कार्य चल रहा है तो दूसरे तरफ रोड उखड़ रही है। नुकीली गिट्टी रोड पर बिछी हुई है, जो मोटर सायकल चालकों को के लिए परेशानी है।





**बड़े वाहन भी चल रहे**

मरम्मत के साथ ही बड़ी वाहन भी चल रही है, इसलिए कुछ गिट्टी निकल रही होगी। दूसरी बार फिर से छोटी गिट्टी के साथ मरम्मत होगा, फिर मजबूत होगा।

-डकवार ठाकुर, सब इंजीनियर एन एच विभाग, बलौदाबाजार

ठेकेदार द्वारा मानक को ताक पर रखकर निर्माण कार्य गुणवत्ताविहीन रूप से कराया जा रहा है। जिसका उदाहरण लाहोद से मुंडा के बीच की गई। मरम्मत में आसानी से देखा जा सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा मानक को दरकिनार कर गुणवत्ताविहीन रोड को बनाई जा रही है। डामर का उपयोग नहीं के बराबर किया जा रहा है। गुणवत्ताविहीन रिपेरिंग से सबसे ज्यादा परेशानी दोपहिया वाहन चालकों को रही है। निर्माण कार्य को देखने जिम्मेदार अफसर तक नहीं पहुंचे हैं।

**सियासत : फार्म भरने से लेकर जमा करने तक की सभी प्रक्रिया समझाई**

# ब्लॉक कांग्रेस के बीएलए को दिया एसआईआर का प्रशिक्षण व मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा रविवार को सभी बीएलए की बैठक लेकर एसआईआर के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में विधायक इन्द्र साव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे ने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में विधायक इन्द्र साव ने एसआइआर प्रक्रिया की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि एसआइआर केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह चुनाव प्रणाली की रीढ़ है। प्रत्येक बीएलए की जिम्मेदारी है कि बूथ स्तर पर सटीक जानकारी दर्ज कर पारदर्शिता बनाए रखें। चुनाव आज तकनीकी हो गया है, इसलिए हमारी तैयारी भी उतनी ही सुदृढ़ होनी चाहिए। यह कार्य केवल फॉर्म भरने का नहीं, बल्कि लोकतंत्र की सुरक्षा का दायित्व है। वहीं वरिष्ठ कांग्रेस नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी ने बीएलए को फार्म भरने की विधि विस्तार से समझाते हुए कहा कि फॉर्म का हर कॉलम महत्वपूर्ण है। कोई भी जानकारी अधूरी या गलत न रहे यह सुनिश्चित करना जरूरी है। एक बूथ का बीएलए पूरे विधानसभा की चुनावी दिशा प्रभावित कर सकता है। अतः तकनीकी दक्षता और सावधानी दोनों आवश्यक हैं। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे ने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि हमारे कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत हैं। एसआईआर फॉर्म भरते समय अत्यंत सजग रहें क्योंकि छोटी-सी गलती भी मतदाता सूची की शुद्धता को प्रभावित कर सकती है। बूथ से जिला तक कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाना हमारा लक्ष्य है और इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं की सक्रियता जरूरी है। कार्यक्रम में डॉ. केके नायक, हिरेंद्र कोसले, मोहन गायकवाड, सुनील माहेश्वरी, रमेश धृतलहरे, दिनेश साहू, हीरालाल साहू, लोमन घृतलहरे, लाला वर्मा, दशरथ चंद्राकर, अजीत भट्ट, देवचरन मार्कण्डेय, धन सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।





# रेगाडीह समिति ने किसान वामन टिकरिहा का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

रेगाडीह समिति कृषक अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा मुसवाडीह निवासी वरिष्ठ कृषक वामन टिकरिहा का सम्मान किया गया।

वामन टिकरिहा ने पिछले 35 वर्षों तक समिति के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं संचालक सदस्य के रूप में कार्य करते हुए समिति के विकास में अहम योगदान दिया है। उनकी निष्ठा, नेतृत्व क्षमता और कृषि क्षेत्र में निरंतर सक्रियता को देखते हुए उन्हें समिति की ओर से श्रीफल एवं साल भेंट कर सम्मानित किया गया। बताया गया कि वामन टिकरिहा को इस वर्ष राज्य स्तरीय डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार से अलंकृत किया गया है, जो क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। इसी उपलब्धि के उपलक्ष्य में समिति के सदस्यों एवं क्षेत्र के किसानों द्वारा उनका विशेष अभिनंदन किया गया। समारोह में मौजूद वक्ताओं ने कहा कि वामन टिकरिहा जैसे अनुभवी और समर्पित कृषकों के कारण ही समितियां प्रगतिशील दिशा में आगे बढ़ती हैं। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष रामलाल टंडन, समिति प्रबंधक कुलदीप यादव, मोहनलाल साहू, सुरेश साहू, मुसवाडीह सरपंच अंजलि, पवन कुमार सारथी, रेगाडीह सरपंच सहित समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# एसआईआर के तहत लगभग 27 लाख गणना प्रपत्र का डिजिटलाइजेशन

**बीएलओ को घर-घर सर्वेक्षण का आदेश, शिकायत पर होगी कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत गणना प्रपत्रों के वितरण, संकलन एवं डिजिटलाइजेशन का कार्य तीव्र गति से जारी है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 4 नवम्बर से प्रारंभ इस अभियान के तहत अब तक प्रदेश के लगभग 99 प्रतिशत पंजीकृत मतदाताओं तक गणना प्रपत्रों का वितरण का दावा किया गया है। वहीं जमा करने वालों की संख्या कम है। अब बीएलओ को इन गणना पत्रक भरा कर निर्वाचन कार्यालय को जमा करना है।

राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों में नियुक्त बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा घर-घर पहुंचकर गणना प्रपत्रों के वितरण एवं संकलन की प्रक्रिया लगातार प्रगति पर है। साथ ही संकलित गणना प्रपत्रों के डिजिटलाइजेशन का कार्य भी सतत रूप से जारी है। अब तक 27 लाख गणना प्रपत्रों का डिजिटलाइजेशन कार्य किया जा चुका है। मतदाताओं की सुविधा के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा अभियान में विभिन्न नवाचारों को शामिल किया गया है। मतदाता अब चुनाव आयोग के पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन गणना प्रपत्र भर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता हेतु हेल्पलाइन नंबर 1950 पर कॉल करके आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त किया जा सकता है।



#### घर-घर सर्वे करें बीएलओ शिकायत पर होगी कार्रवाई

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने बीएलओ के लिए आदेश जारी करते हुए कहा है कि एसआईआर का कार्य समय पर पूरा करने घर-घर सर्वेक्षण करें। शिकायत प्राप्त होने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। गणना पत्रक वितरण का कार्य शीघ्र पूरा करने कहा गया है। हालांकि 99 प्रतिशत वितरण होने का दावा किया जा रहा है, लेकिन अब तक जमा होने वाले गणना पत्रक की संख्या कम है।

#### मानिटरिंग करेंगे ये अफसर

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी जिलों में जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा मतदान केंद्र स्तर पर सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। इसके अतिरिक्त, नगर निगम आयुक्त, जिन्हें अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में नामित किया गया है, वे भी डिजिटलाइजेशन कार्य की नियमित मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

# स्कूल के कमरे में मिली देसी शराब की बातलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला





■ जरौद सरपंच ने बीईओ से की शिकायत

ग्राम पंचायत जरौद के सरपंच द्वारा ग्राम सोनबरसा स्थित प्राथमिक शाला में अवैध शराब मिलने की गंभीर शिकायत विकासखंड शिक्षा अधिकारी को लिखित रूप में की गई है। सरपंच द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, यह मामला 19 नवंबर की सुबह तब सामने आया जब स्कूल परिसर की साफ–सफाई के दौरान कक्षा कमरे के भीतर संदिग्ध सामान देखा गया।

सरपंच ज्ञानसिंह पाल ने अपनी सूचना में बताया कि स्कूल प्रांगण में बच्चों के बैठने के स्थान के समीप अवैध देसी शराब भरी बोतलें मिली हैं। सरपंच ने यह भी उल्लेख किया कि विद्यालय क्षेत्र में लगातार अवांछनीय गतिविधियों की जानकारी ग्रामीणों द्वारा दी जा रही थी। इस संबंध में स्थानीय प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने कई बार चिंता जताई थी, कि विद्यालय परिसर में शाम के समय बाहरी लोग आकर अवैध शराब सेवन एवं संदेहास्पद गतिविधियां करते हैं।

सरपंच ने कहा है कि यह स्थिति बच्चों के लिए अत्यंत असुरक्षित है और शिक्षा के माहौल को दूषित करने वाली है। उन्होंने मामले की तुरंत जांच की मांग की है तथा विद्यालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने की आवश्यकता जताई है।साथ ही सरपंच ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी से अनुरोध किया है कि स्कूल में पाई गई अवैध शराब की विस्तृत जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। इस पत्र की प्रति थाना प्रभारी भाटापारा ग्रामीण व विभागीय अधिकारी सिमगा को भी भेजी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल में इस तरह की घटनाएं शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाती हैं और इससे बच्चों की सुरक्षा सीधे प्रभावित होती है। अब यह देखना होगा कि प्रशासन इस मामले पर कितनी शीघ्र और कड़ी कार्रवाई करता है।

### सब-जूनियर एवं जूनियर ट्रायल खो-खो प्रतियोगिता 23 को

**तेंदूकोना।** छत्तीसगढ़ एम्मच्योर खो-खो फेडरेशन एवं जिला खो-खो संघ के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय सब जूनियर बालक, बालिका रायपुर एवं जूनियर वर्ग बालक-बालिका खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन जिला राजनांदगांव में आगामी दिनों में प्रस्तावित है। राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए जिले से टीम गठन के लिए चयन ट्रायल होगा। इसके लिए जिला स्तरीय खो खो प्रतियोगिता 23 नवंबर रविवार को मिनी स्टेडियम में प्रातः 11 बजे से आयोजित है।

# एग्रीस्टेक पोर्टल में वारिसान धान पंजीयन का ऑप्शन नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसींवां

बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन ने एग्रीस्टेक पोर्टल में वारिसान धान पंजीयन का कोई ऑप्शन नहीं होने से नाराजगी जाहिर करते हुए इस मामले पर राज्य सरकार को इस पर कार्यवाही करते हुए वारिसान मामले के लिए जल्द से जल्द इसका निराकरण करने की मांग की है।



टंडन ने कहा कि राज्य सरकार ने किसानों के एक-एक बीज को खरीदने का वादा किया था, अब जब धान खरीदने का समय आ रहा है तो धान खरीदी करने में आनाकानी की जा रही है। धान विक्रय की प्रक्रिया को कठिन बनाया जा रहा है। इससे साबित हो रही है कि डबल इंजन की सरकार नहीं चाहती कि किसानों के धान बिके, इसके लिए हर साल पंजीयन अनिवार्य को बेतुका बताते हुए किसानों के धान विक्रय के नियम को सरल बनाए जाने की मांग की, ताकि सभी किसानों के धान बिक सके। उन्होंने कहा कि जब से राज्य सरकार ने किसानों के धान विक्रय के लिए एग्रीस्टेक पोर्टल लॉन्च किया है, तब से किसान तहसील कार्यालय से समिति केंद्र के चक्कर काट रहे हैं, फिर भी पंजीयन नहीं हो रहा है। गौरतलब है कि प्रदेश में वारिसान धान पंजीयन व अन्य के करीब 5 लाख प्रकरण है, जिनका पोर्टल में सूचीबद्ध नहीं हुआ है, इस कारण ये किसान धान विक्रय से वंचित हो जाएंगे।

**जिले के 129 समिति और 166 उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी जारी**

# 2846 किसानों ने बेचा 11875 मेट्रिक टन धान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी बिना किसी रुकावट के तेजी से जारी है। खरीदी शुरू हुए अभी मात्र पांच दिन हुए हैं और अधिकांश उपार्जन केंद्रों में धान की आवक जोर पकड़ने लगी है। जिले में अब तक 2846 किसानों से 11875 मेट्रिक टन धान खरीदी हुई है।

■ किसान टोकन तुंहर हाथ एप्प से आसानी से टोकन प्राप्त कर रहे है

कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में सभी केन्द्रों में धान खरीदने सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में भी अब किसान उत्साह से धान खरीदी केंद्रों में धान लेकर पहुंच रहे हैं। उपार्जन केंद्रों में किसानों की सुविधाओं का ख्याल रखा जा रहा है। किसान टोकन तुंहर हाथ एप्प से आसानी से टोकन प्राप्त कर रहे हैं।

खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में कुल 165012 किसान पंजीकृत है। कुल पंजीकृत रकबा 161455.69 हेक्टेयर एवं धान खरीदी का कुल अनुमति लक्ष्य 915400 मेट्रिक टन है। 129 समिति एवं 166 उपार्जन केन्द्र के माध्यम से धान खरीदी जारी है।



### टेट के ई-सर्टिफिकेट जारी

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा राज्य पात्रता परीक्षा के ई-सर्टिफिकेट जारी कर दिए गए हैं। उच्च शिक्षा संचालनलाय के प्रस्ताव पर व्यापम ने यह पात्रता परीक्षा 2024 में 21 जुलाई को आयोजित की थी। दावा आपत्तियों के निराकरण के बाद 3 जून 2025 को अंतिम उत्तर तथा परीक्षा परिणाम जारी किए गए थे। इसके पांच माह बाद व्यापम ने ई-सर्टिफिकेट भी वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं। अभ्यर्थी अपनी आईडी के माध्यम से लॉग-इन कर इसे डाउनलोड कर प्रिंटआउट निकाल सकते हैं।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
21 नवम्बर 2025
SHOW TIME
मस्ती 4
शो समय - 12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
दे दे प्यार दे 2
शो समय - 12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# किसान सम्मान निधि योजना पर किसानों ने पीएम का संदेश सुना

## विभागीय अधिकारियों ने किसानों को आधुनिक कृषि के सभी महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

कृषि विज्ञान केंद्र में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त का सीधा प्रसारण किया गया। सीधे प्रसारण के उपरांत कृषि विज्ञान केंद्र, भाटापारा द्वारा रबी मौसम की मुख्य फसलों गेहूं, चना, मसूर, सरसो एवं सब्जियों की उन्नत उत्पादन तकनीक पर विस्तृत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में वैज्ञानिकों और विभागीय अधिकारियों ने किसानों को आधुनिक कृषि के सभी महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया। डॉ. प्रदीप कश्यप ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड आधारित उर्वरक उपयोग, जैव उर्वरकों का उपयोग, सल्फर, जिंक एवं बोरॉन जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों की भूमिका तथा




### 200 से अधिक किसान उपस्थित थे

उन्होंने पीला चिपचिपा ट्रैप, ट्राइकोग्रामा, एनपीवी, बायोपेस्टीसाइड्स, फंगीसायड्स के सही उपयोग एवं मात्रा पर किसानों को प्रशिक्षित किया। कृषि विभाग के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अवधेश उपाध्याय ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, यांत्रिकीकरण योजना, उन्नत बीज वितरण, प्राकृतिक खेती, मुख्यमंत्री कृषि उपकरण अनुदान योजना, एवं कृषक उत्पादक संगठन की गतिविधियों सहित विभागीय योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर सहायक संचालक कृषि जयेंद्र कंवर भी उपस्थित रहे और उन्होंने किसानों को योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने, नई तकनीक अपनाने तथा वैज्ञानिक पद्धतियों पर आधारित खेती करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिले के 200 से अधिक किसान उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने प्रधानमंत्री के संदेश को प्रेरणादायक बताया और कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि की राशि उनके लिए रबी मौसम में खाद-बीज खरीदने और अन्य कृषि कार्यों में महत्वपूर्ण सहारा प्रदान करती है। किसानों तथा जनप्रतिनिधियों ने कृषि विज्ञान केंद्र एवं कृषि विभाग द्वारा किए जा रहे तकनीकी प्रयासों की सराहना की और इस प्रकार के कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने का अनुरोध किया।

अत्यधिक यूरिया उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों की विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने किसानों को नैनो-यूरिया, नैनो-डीएपी, ह्यूमिक एसिड एवं कंपोस्ट आधारित पोषण प्रबंधन अपनाने की सलाह भी दी। डॉ. पीडी वर्मा ने रबी फसलों हेतु सीड ड्रिल, जीरो टिल सीडर, मल्चर, लेजर लेवलर, पावर वीडर, स्प्रेयर, ड्रोन स्प्रे तकनीक आदि यंत्रों के उपयोग एवं उनके लाभों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि कृषि यंत्रीकरण से फसल लागत लगभग 20–30 प्रतिशत कम होती है और समय की बचत भी होती है। उन्होंने किसानों को कृषि यंत्रों पर मिलने वाली अनुदान योजनाओं की भी जानकारी दी। डॉ. स्वाति मिर्झा ने गेहूं, चना, मसूर तथा सरसों की उन्नत किस्में, तथा कीट–रोग रोकथाम उपायों पर मार्गदर्शन दिया।

## खबर संक्षेप

### आपदा पीड़ित परिवारों को 24 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार**। प्राकृतिक आपदा से मृत 6 लोगों के निकट परिजनों के लिए 24 लाख अर्थात प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 19 नवम्बर को ये स्वीकृतियां प्रदान की। जानकारी के अनुसार पीड़ति परिजनों में कार्तिकराम पिता रामलाल निवासी ग्राम अमोदी तहसील टुण्डरा, तुलसी गोड़ पिता किस्नों गोड़, निवासी ग्राम घटमड़वा, तहसील टुण्डरा, पुनितराम पिता चिंताराम निवासी ग्राम पहंदा, तहसील पलारी, खेलाबाई पति स्व चौनुराम निवासी ग्राम धौराभाठा, तहसील पलारी, सावित्री पति रामखेलावन, निवासी ग्राम ओड़ान तहसील पलारी एवं गंगाप्रसाद पिता परदेशी पटेल निवासी ग्राम मरदा तहसील लवन शामिल हैं। पीड़ितों के निकट परिजनों के सर्पदंश, आग में जलने एवं तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ति लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद**। सरायपाली पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि काशीपाली मोड़ के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु रखा हुआ है। मौके पर पहुंचकर नाम पता पूछने पर आरोपी ने अपना नाम मनोहर उर्फ बैगा निषाद पिता खिद्रो निषाद (60 साल) पोटापारा थाना सरायपाली जिला महासमुंद का रहने वाला बताया। आरोपी के कब्जे से 3 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत करीबन 600 रुपए को जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### मोबाइल छीनने का प्रयास, असफल रहने पर चाकू से हमला

**महासमुंद**। मोबाइल छीनने में असफल रहने पर दो लोगों ने एक व्यक्ति पर चाकू से हमला कर दिया। मामला तुमगांव थाना क्षेत्र का है। पुलिस को प्रार्थी मनोज कुमार डहरिया ने बताया कि वह 19 नवंबर को शाम 6.30 बजे शाम तुमगांव एनएच 53 रोड के शौचालय में ड्यूटी कर रहा था। इसी दौरान दो अज्ञात लोग मोटर साइकिल में आये और उसका मोबाइल छीनने लगे, जिनसे उसने अपना मोबाइल छुडाया, तब उक्त लोगों ने उस पर कई बार चाकू से वार कर दिया। प्रार्थी ने बताया आरोपियों में एक मोटा और एक पतला था।

## निधन

### शिवकली साहू



भाटापारा। गांधी मंदिर वार्ड निवासी 73 वर्षीय शिवकली साहू का 20 नवंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 21 नवम्बर को 11 बजे सुबह गृहग्राम तिरैया (केसला,मल्दा)में संपन्न होगी।

### अहिल्या बाई वर्मा



**भरूवाडीह/सैहा/गुमा**। ग्राम टंडवा निवासी अहिल्या बाई वर्मा का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया, जहां नाते रिश्तेदार सहित गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। वे रामकुमार, कृष्णकुमार बलराम व बलदाऊ की मां थीं।

## जांच : निर्धारित समय पर कोर्स पूरा करने के निर्देश

# आत्मानंद स्कूल का निरीक्षण करने पहुंचे डीईओ और बीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल





स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में जिला शिक्षा अधिकारी और विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने औचक निरीक्षण किया गया और छात्रा- छात्राओं से रूबरू हुए। जिला शिक्षा अधिकारी ने दिसंबर माह तक पाठयक्रम को पूरा करने निर्देशित किया और पढ़ाई लिखाई का कोर्स को पूरा करने का निर्देश दिए। जिला और विकासखंड शिक्षा अधिकारी से आकस्मिक निरीक्षण करने पर उन्होंने कहा कि सभी कमरों और शिक्षकों सभी उपस्तिथि रही। जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुहे और विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार ध्रुव ने छात्रा- छात्राओं से बातचीत की। पढ़ाई लिखाई के स्तर के बारे में पूछताछ की। जिला शिक्षा अधिकारी और विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों से रूबरू होकर हालचाल जाना और सवाल पूछे। सभी विद्यार्थियों को अच्छा पढ़ाई लिखाई करने के लिए कहा। जिला शिक्षा और विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने प्राचार्य रूम और पुस्तकालय, लैब कमरे का निरीक्षण किया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य जितेंद्र कुमार देवांगन, व्याख्याता सीएम साहू, शिक्षक हरप्रसाद साहू, भूपेंद्र कुमार साहू, रमहैया लाल कश्यप, ओमप्रकाश साहू, सुश्री जैकलिन हैरेंज, छोटूदास मानिकपुरी, चंद्रप्रकाश साहू, योगीराज पैकरा, चिरंजवी गुप्ता, आरजू वर्मा, रोहित लहरे सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।



# पीठाधीश्वर ज्योतिर्मयानंद महाराज ने गौ सेवा व संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

ग्राम पंचायत किरवई के गौधाम में सलधा पीठाधीश्वर ज्योतिर्मयानंद महाराज अपने शिष्यगणों सहित गौधाम पहुंचे, जहां ग्रामीणों एवं गौसेवकों ने पारंपरिक विधि-विधान से उनका स्वागत किया। इस अवसर पर महाराज ने गौधाम परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं और उनकी पूजा, सेवा एवं रक्षा करना हम सभी का परम धर्म है। आज समाज में गौ संरक्षण की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है, इसलिए हर व्यक्ति को जागरूक होकर अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने गौधाम के संचालन में भागीदारी करने वाले सभी ग्रामीणों को बधाई दी। इस अवसर पर भगवताचार्य आचार्य प्रकाश शर्मा, सरपंच प्रतिनिधि उमेश सायतोड़े, हेमलाल साहू, गनपत साहू, उमेश निषाद, तुषार मानिकपुरी, बाबूलाल साहू, किशोर देवांगन, राकेश मिश्रा, दामोदर देवांगन, प्रहलाद मिश्रा, सूरज यदु सहित अनेक गौ सेवक और ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी ने गौधाम में भी सेवा और संरक्षण की दिशा में साथ मिलकर काम करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में महाराज को शाल-श्रीफल एवं मां चितावरी देवी की छायाचित्र भेंट किया।

## शंकराचार्य हायर सेकंडरी स्कूल में वार्षिकोत्सव मना

**भाटापारा**। श्री शंकराचार्य विद्यापीठ हायर सेकंडरी स्कूल में वार्षिकोत्सव मनाया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस मेले में बच्चों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और अनुशासन का सुंदर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष सविता अनंत रहीं। विशेष अतिथियों के रूप में सरपंच ग्राम ढाबाडीह



सावित्री साहू एवं सरपंच सिद्धबाबा धौराभाटा कुलवंतिन ध्रुव की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने बच्चों के उत्साह, अनुशासन एवं विद्यालय के उत्कृष्ट आयोजन की सराहना की। फ्रनफेयर में आयोजित विभिन्न गतिविधियों और प्रतियोगिताओं के आधार पर हाउसवार परिणाम घोषित किए गए, जिसमें प्रथम पुरस्कार रेड हाउस, द्वितीय येलो हाउस और तृतीय पुरस्कार ब्लू हाउस था।इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सविता अनंत ने स्कूल को पांच लैपटॉप प्रदान करने की घोषणा की, जिससे विद्यालय के समग्र विकास को और गति मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन अत्यंत सुचारू एवं आकर्षक रहा।

## भाजपा सदस्यों ने की गौरीशंकर अग्रवाल से मुलाकात

**सेल**। भाजपा मंडल टुण्ड्रा के कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल से मुलाकात कर आर्शीवाद प्राप्त किया। निज निवास स्वर्णभूमि रायपुर में छत्तीसगढ़ भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े, नगर पंचायत पलारी पूर्व अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा, नगर पंचायत टुण्डरा अध्यक्ष छतराम साहू, जिला



प्रतिनिधि डॉ. एम एल वर्मा, सेवा सहकारी समिति टुण्डरा प्राधिकृत अधिकारी राम प्रसाद साहू, भाजपा टुण्डरा मंडल महामंत्री साधराम प्रजापति, कार्यालय मंत्री दामोदर प्रसाद कर्ष ने सौजन्य भेंट की एवं गुलदस्ता भेंटकर से आशीर्वाद लिया।

## जल संचय में महासमुंद जिले को अव्वल आने पर सराहा

**महासमुंद**। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश झाबक ने जल संचय में महासमुंद जिला को अव्वल लाने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की सराहना करते हुए हर्ष जताया है। उन्होंने कहा कि इस कार्य में कलेक्टर की बहुत बड़ी भागीदारी है और इन्हें राष्ट्रपति द्वारा परफॉर्मिंग जिले के रूप में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर सम्मानित किया गया है। यह कलेक्टर के अथक प्रयास और सक्रिय भागीदारी है। कलेक्टर जिले के कोई भी नागरिक, जनप्रतिनिधि, किसी भी समुदाय का हो प्राथमिकता से उनसे मुलाकात करते हैं।

## अगहन मास के तीसरे गुरुवार को महिलाओं ने रखा उपवास



**हिरमी रावन**। अगहन मास के तीसरे गुरुवार को क्षेत्र में गुरुवारी व्रत-उपवास भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। सुबह से ही श्रद्धा और उत्साह का माहौल रहा। महिलाओं ने मां लक्ष्मी के आगमन की मंगलकामना के साथ पूरे दिन विधिपूर्वक पूजा-अर्चना, कथा-श्रवण और व्रत का पालन किया। व्रत धारण करने वाली महिलाओं ने अपने घरों को आकर्षक सजावट के साथ अलंकृत किया। आंगन और पूजा स्थल को धान की बालियों, आम के पत्तों तथा मौसमी फलों से सजाया गया। मुख्य द्वार से लेकर पूजा स्थल तक चावल के आटे (अरिपन) से बनाई गई पारंपरिक रंगोलियों ने ऐसा दृश्य प्रस्तुत किया मानो स्वयं धन की देवी घर में प्रवेश कर रही हों। सुबह स्नान-पूजन के बाद कलश स्थापना एवं दीप प्रज्वलन कर मां महालक्ष्मी की आराधना प्रारंभ हुई। दोपहर और शाम को विधि-विधान के साथ महालक्ष्मी व्रत कथा का श्रवण किया गया। व्रती महिलाओं ने परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य और कल्याण की कामना की।

## पूर्व सरपंच प्रमोद ने पौधारोपण कर क्षेत्र में बनाई अलग पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

भारत माता सेवा ट्रस्ट द्वारा चलाये जा रहे पौधारोपण अभियान से जुड़कर स्वयंसेवक अर्जुनी पूर्व सरपंच प्रमोद जैन इस पुनीत कार्य से माध्यम से प्रतिदिन विभिन्न औषधीय,फलदार व छायादार पौधों का रोपण कर रहे। इस तारतम्य में नीम, अमरूद, आम, सीताफल पोपल, बरगद, कनेर पुष्प, कटहल जैसे विभिन्न पौधे का रोपण नवा तलाब मुक्ति धाम अर्जूनी में सतत रूप से किया जा रहा है। इसके अलावा भी इमली, जामुन, आंवला, नींबू आदि पौधों का रोपण भी ट्रस्ट के सभी सदस्यों द्वारा किया जा चुका है। इस सामाजिक सहभगिता के मिसाल बन रहे भारत माता सेवा समिती के कार्यों सभी सदस्यों का ग्रामीणों व भारत माता सेवा ट्रस्ट के सदस्यों ने बधाई प्रेषित की । इस



सराहनीय कार्य मे डमरूधर वर्मा, तुलाराम वर्मा शिक्षक, चिंतामणि साहू, शकंर लाल रजक, श्रवण निषाद, संतोष वर्मा, मोहन लाल वर्मा, पूरन लाल वर्मा, कृष्णा साहू आदि सदस्यों द्वारा इस अभियान को सफल बनाने में अग्रसर है।

# सिलाई और ब्यूटीशियन प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

श्री कौशल विकास केंद्र पड़कीडीह में सिलाई बुनाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सृजन महिला मंडल की सदस्यों द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में पूर्व प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

■ श्री फाउंडेशन ट्रस्ट में सिलाई बुनाई प्रशिक्षण जारी

कार्यक्रम के दौरान पड़कीडीह की 30 सिलाई प्रशिक्षार्थियों तथा खपराडीह की 30 ब्यूटीशियन प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। सृजन महिला मंडल की सचिव स्वाति जैन ने कहा प्रशिक्षण के पश्चात महिलाएं स्वयं का कार्य आरंभ कर आर्थिक रूप से सशक्त





बन सकती हैं। इस दौरान निमिषा महेश्वरी, सत्यम अग्रवाल और ज्योति दीक्षित सहित महिला मंडल के अन्य पदाधिकारियों ने भी प्रशिक्षार्थियों को प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम में श्री फाउंडेशन ट्रस्ट के पदाधिकारी अभय प्रताप सिंह, अशोक कुमार वर्मा, बीरेन्द्र कुमार बघेल, दीपक वर्मा, प्रशिक्षक तथा ग्रामीणजन उपस्थित रहे। आयोजन सफल बनाने में सभी पदाधिकारियों और स्थानीय लोगों का सहयोग सराहनीय रहा।

## 78 से भी अधिक छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

# मार्डन स्कूल में हुई फैंसी ड्रेस और नृत्य प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में कक्षा नर्सरी से आठवीं के विद्यार्थियों के लिए फैंसी ड्रेस एवं नृत्य प्रतियोगिताएं हुई। इस प्रतियोगिता में 80 से अधिक छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान छात्र-छात्राओं ने किसान, रक्तदान, हनुमानजी, छत्तीसगढ़ महतारी, शिक्षक, श्रवण कुमार, प्रेमानंद जी, इसरो, झांसी की रानी, कोलगेट, सुदामा, आदिवासी, सौरमंडल, सब्जीवाला, विभिन्न महापुरुष आदि की फैंसी ड्रेस के रूप में प्रस्तुति देकर पालकगणों एवं उपस्थित जनसमुदाय का मन मोह लिया।

नृत्य प्रतियोगिता का उद्देश्य पाठ्य सहभागी प्रयास को जीवन कौशल विकास के लिए ग्रहणशील व मूल्य परख बनाना है। सभी विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति के विविध रंगों को पिरोते हुए पूर्ण भारतवर्ष की झांकी को नृत्य शैलियों के माध्यम से आकर्षक प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता के दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की वेशभूषा को धारण कर सुंदर नृत्य का प्रदर्शन किया। जिसमें विविध छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य, राजस्थानी, फिल्मी नृत्य, क्लासिकल नृत्य, रीमिक्स एवं पारंपरिक नृत्य शैली की मनमोहक प्रस्तुति देखने को मिली। यह प्रतियोगिता कक्षा एलकेजी से आठवीं तक के लिए रखी गई थी, जिसमें 78 से भी अधिक छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्राचार्य प्रीति ताम्हणे ने कहा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसी शालेय गतिविधियां अत्यंत आवश्यक है। इस में विद्यालय में समय-समय पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:–7354 411411